भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 18**

(जिसका उत्तर सोमवार, 3 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक) को दिया जाना है)

## भारत द्वारा यूरोपीय संघ के सीबीएएम का विरोध करने का प्रभाव

**18. श्री दयानिधि मारन:**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यूरोपीय संघ के कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) के अंतर्गत कार्बन उत्सर्जन रोकने के वैश्विक लक्ष्य के मद्देनज़र भारत द्वारा उसके विरोध के व्यापार पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों संबंधी कोई अंतर-मंत्रालयी चर्चा या परामर्श हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कार्बन उत्सर्जन को कम करने की अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए सरकार के पास कोई वैकल्पिक वित्तीय उपाय या प्रोत्साहन हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा देश में कम कार्बन उत्सर्जन वाली विधियों को अपनाते हुए स्टील, सीमेंट और उर्वरक जैसे कार्बन-गहन उद्योगों/क्षेत्रों में वैश्विक चिंताओं के समाधान के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(घ) सरकार सीबीएएम की चिंताओं के आलोक में व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता और पर्यावरणीय स्थिरता को किस तरह संतुलित कर रही है?

### उत्तर

### वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) व्यापार वार्ता के लिए नोडल विभाग, वाणिज्य विभाग (डीओसी) ने सीबीएएम के संबंध में कार्रवाई के तरीकों पर चर्चा करने के लिए विचार-विमर्श किया है।

(ख) सरकार कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकास मार्ग का अनुसरण करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसने 2015 में महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान को अपनाया है, जिसे 2022 में अद्यतन किया गया था। जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना के माध्यम से व्यापक कार्रवाई की जा रही है, जिसमें सौर ऊर्जा उत्पादन और ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय मिशन शामिल हैं। उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन सेल बैटरी भंडारण, और ऑटोमोबाइल और ऑटो-घटक उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं सहित कई वित्तीय उपाय और प्रोत्साहन लागू किए जा रहे हैं; जिनमें इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और उनके विनिर्माण संबंधी वर्ष 2019 में शुरू की गई योजना तथा हाल ही में शुरू की गई पीएम ई ड्राईव योजना के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने हेतु सहायता शामिल है। अन्य पहलों में हरित हाइड्रोजन उत्पादन और उपयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शामिल है। वर्ष 2005 की तुलना में वर्ष 2020 में सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता में 36 प्रतिशत की कमी आई है तथा 30 नवंबर, 2024 की स्थिति के अनुसार स्थापित बिजली क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी 46.8 प्रतिशत है।

(ग) सरकार परफार्म, अचीव एंड ट्रेड योजना को क्रियान्वित कर रही है, जो ऊर्जा-प्रधान उद्योगों में ऊर्जा की खपत को कम करने के लिए एक विनियामक साधन है, जिसमें अतिरिक्त ऊर्जा बचत जिसका व्यापार किया जा सकता है के प्रमाणीकरण के माध्यम से लागत-प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए एक संबद्ध बाजार-आधारित तंत्र शामिल है। अन्य उपायों में हरित इस्पात की टैक्सोनॉमी जारी करना शामिल है, जो निम्न उत्सर्जन वाले इस्पात को परिभाषित और वर्गीकृत करने के लिए मानक प्रदान करता है तथा इस्पात क्षेत्र को हरित बनाने के लिए रोडमैप और कार्य योजना प्रदान करता है। स्टील स्क्रैप रीसाइक्लिंग नीति, 2019 में स्टील निर्माण में कोयले की खपत को कम करने के लिए घरेलू स्तर पर सृजित स्क्रैप की उपलब्धता बढ़ाने की परिकल्पना की गई है। उर्वरक उद्योग ने ऊर्जा दक्षता में सुधार लाने तथा कोयला, नेफ्था और ईंधन तेल से प्राकृतिक गैस जैसे स्वच्छ फीडस्टॉक के उपयोग के लिए कदम उठाए हैं।

(घ) सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को कम करने, संस्थापित बिजली उत्पादन क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी बढ़ाने और कार्बन-प्रधान उद्योगों/क्षेत्रों में कम कार्बन विकास मार्ग की ओर अभिमुखीकरण को सुविधाजनक बनाने संबंधी उपायों में पर्यावरण संधारणीयता पर ध्यान दिया जाता है। इसके अलावा, उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यनीतिक पहलें की गई हैं जो सभी क्षेत्रों के विनिर्माताओं को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती हैं, मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत करके वैश्विक व्यापार फुटप्रिंट का विस्तार करती हैं, अवसंरचनात्मक सुविधाओं में सुधार करती हैं, आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुव्यवस्थित करती हैं और लॉजिस्टिकस लागतों को कम करती हैं, संव्यवहार लागतों को कम करने के लिए विनियामक प्रक्रियाओं के सरलीकरण के लिए डिजिटल प्लेटफार्मों का उपयोग करती हैं। इन प्रयासों को पर्यावरणीय संधारणीयता प्राप्त करने और व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार के व्यापक उद्देश्यों के साथ जोड़ा गया है।

*****